हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 4 जुलाई 2025

तापमान

अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 27 .0 डिग्री

12 मरीजों के सुरक्षित सफर पर पुलिस अलर्ट दो दर्जन से अधिक...



12 समर्थकों ने धूमधाम से मनाया आरती का जन्मदिन, रामपुरा हाउस पर उमड़ी भीड़



## खबर संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गत वर्ष एक विवाहिता की शिकायत मिलने के बाद उसकी और उसके ससुराल पक्ष के लोगों की कई बार काउंसलिंग कराई। दोनों पक्षों के बीच समझौता नहीं होने के बाद पुलिस ने 24 जून को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद महेंद्रगढ़ के गनियार निवासी ध्यानसिंह को गिरफ्तार कर लिया।

### धारूहेड़ा चुंगी से बाइक चोरी का केस दर्ज

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने धारूहेड़ा चुंगी से एक बाइक चोरी होने का केस दर्ज किया है। पुलिस शिकायत में महेंद्रगढ़ के कपूरी निवासी शमशेर ने बताया कि वह किसी काम से धारूहेड़ा चुंगी पर आया था। बाइक खड़ी करने के बाद वह अपने काम में व्यस्त हो गया। मौका पाक चोर उसकी बाइक चोरी कर ले गए। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लगा।

### मारपीट और धमकी देने के आरोपी काबू

**कोसली।** गुजरीवास में मारपीट और धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने 19 जून को केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की थी। पुलिस ने इस मामले में गांव के दारासिंह व हाकिम कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त दंताली और लोहे का पाइप बरामद किया है।

### हथियार सप्लाई करने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सीआईए धारूहेड़ा ने हथियार सप्लाई करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गत 21 अप्रैल को रूद्ध निवासी सज्जन उर्फ हांडा को एक देशी पिस्तौल व तीन कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। उसने पूछताछ करने पर बताया था कि यह हथियार और कारतूस उसने राजस्थान के झाड़का निवासी हेमंत से खरीदे हैं। सीआईए की टीम ने आरोपी हेमंत को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया।

### घर में घुसकर मारपीट करने का आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पीड़ित पक्ष की शिकायत पर 1 जुलाई को बड़वान निवासी विनेश कुमार के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था।

### महिला से दुर्व्यवहार का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने एक महिला के साथ छेड़छाड़ करने और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार 2 जुलाई को फनुका निवासी नवीन के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़िता ने नवीन पर गंभीर आरोप लगाए थे। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### आपसी विवाद में चार लोग गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा थाना पुलिस ने आपसी विवाद में झगड़े की आशंका को देखते हुए पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने खरखड़ा निवासी चरणसिंह और नरेंद्र को निवारक कार्रवाई के तहत गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा में किराए के मकान में रहने वाले मूल रूप से यूपी निवासी पुष्पेंद्र पांडेय और संतोष कॉलोनी निवासी अशोक कुमार को गिरफ्तार किया है। बाद में आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

## शहर में ही रखने की मांग उठी

# अस्पताल निर्माण की मांग पर धरना जारी, संभावनाओं को राव का झटका

धरनास्थल पर आपत्तिजनक शब्दों के इस्तेमाल पर गुस्से में मंत्री, कहा, बेटी के प्रति अभद्र भाषा बोलने वालों पर करेंगे मानहानि का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



शहर के नागरिक अस्पताल को बाहर शिफ्ट करने की योजना के चलते रामगढ़ भगवानपुर में अस्पताल खुलवाने की मांग को लेकर अनिश्चिकालीन धरना लगातार चल रहा है। चार-पांच गांवों के लोग भी अपने गांवों में अस्पताल खुलवाने की मांग कर रहे हैं। इसी बीच शहर के लोगों की अस्पताल को शहर में ही रखने की मांग की पैरवी भी केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कर दी है, जिससे आंदोलन कर रहे रामगढ़ भगवानपुर व आसपास के गांवों के लोगों की उम्मीदों को झटका लग सकता है। राव ने धरने के दौरान उनकी बेटी के प्रति अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने वाले लोगों को आड़े हाथों लेते हुए उनके खिलाफ मानहानि का केस तक दायर करने की चेतावनी दे डाली।

अस्पताल को शहर के बाहर शिफ्ट करने के लिए प्रशासन की ओर से आसपास के कई गांवों में जमीन का निरीक्षण किया है। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने खुद इन गांवों में जमीन का निरीक्षण करते हुए कहा था जिस गांव की जमीन सबसे उपयुक्त होगी, अस्पताल का निर्माण उसी गांव में करा दिया जाएगा। शहबाजपुर में जमीन का निरीक्षण करने के बाद रामगढ़ भगवानपुर व आसपास के गांवों के लोगों ने गत 16 जून को केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से मिलने का निर्णय लिया था, परंतु राव की दिल्ली में आवश्यक मीटिंग होने के कारण वह ग्रामीणों को मिलने का समय नहीं दे पाए थे। उन्होंने सरपंच प्रतिनिधि अनिल से फोन पर बात जरूर की थी। इसके बाद गुस्साएं ग्रामीणों ने राव पर वायदा खिलाफी के आरोप लगाते हुए अस्पताल निर्माण की मांग को लेकर 17 जून से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया था। धरने के बीच 29 जून को महापंचायत का आयोजन भी किया गया, जिसमें कुछ लोगों ने कैबिनेट मंत्री आरती राव के प्रति अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था। रामगढ़ भगवानपुर के सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने केंद्रीय मंत्री के साथ फोन पर हुई बातचीत का ऑडियो वायरल कर दिया, जिसमें राव उन्हें उनके गांव में ही अस्पताल बनवाने का आश्वासन दे रहे हैं।

### शहर के लोगों की मांग पर सहमत नजर आए

वीरवार को बेटी आरती राव के जन्मदिन पर अपने रामपुरा निवास पहुंचे राव इंद्रजीत सिंह ने तमाम प्रकरण पर पत्रकारों से खुलकर बातचीत की। राव ने कहा कि सरकारी अस्पताल जिला मुख्यालय पर ही होता है। शहर में नागरिक अस्पताल के पास 6 एकड़ जमीन मौजूद है। शहर के लोग भी अस्पताल को गांव में ले जाने का विरोध कर रहे हैं। ऐसे में अस्पताल को यहीं रखने पर भी सरकार विचार कर सकती है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ भगवानपुर सहित सभी गांव उनके अपने हैं। अनिल को फोन पर हुई बातचीत बिना अनुमति रिकार्ड करने के बाद वायरल की है, जिसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

#### एम्स के समय भी रची गई थी साजिश

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिस तरह से रामगढ़ भगवानपुर में कांग्रेसी उनके खिलाफ साजिश रच रहे हैं, ठीक वैसा ही एम्स की घोषणा के समय हुआ था। तत्कालीन सीएम मनोहरलाल से उन्होंने कहा था कि अगर वह एम्स की घोषणा करें, तो केंद्र से उसे स्वीकृति वह खुद दिला देंगे। मनेठी की ग्राम पंचायत ने वन विभाग की जमीन होने के बावजूद उनसे फाइल अप्रूव कराई। एम्स संघर्ष समिति का गठन करते हुए उनके सम्मान को ठेस पहुंचाने की कौशिश की गई। माजरा की ग्राम पंचायत ने एम्स के लिए जमीन देकर सराहनीय कार्य किया, जिससे यह योजना मूर्त रूप धारण कर गई।

### विरोधी मुझे जहर की पुड़िया भी दे सकते हैं



*राव ने कहा कि धरने के दौरान माइक ऐसे लोगों के हाथों में थमा दिया गया, जिनमें उनके प्रति जहर भरा हुआ है। यह लोग मेरे प्रति अभद्र भाषा को इस्तेमाल करते तो बर्दाश्त कर लेता, परंतु बेटी के बारे में अभद्र शब्दों का इस्तेमाल किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वह ऐसे लोगों के खिलाफ मानहानि का केस दायर करने का मन बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि धरने में आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने वाले लोग कांग्रेसी और उनके विरोधी हैं। यह लोग मौका मिलने पर उन्हें जहर की पुड़िया देकर मारने का प्रयास भी कर कसते हैं।*

### विधायकों के डिनर को लेकर खुलकर बोले

*गत दिनों चंडीगढ़ में दक्षिणी हरियाणा के विधायकों के साथ किए गए डिनर को लेकर लगाए जा रहे कयासों पर राव खुलकर बोले। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति लोगों को जोड़ने की है। उनकी बेटी आरती राव ने मकान शिफ्ट किया था, जिस कारण क्षेत्र के विधायकों को डिनर पर आमंत्रित किया गया था। कांग्रेसी और उनके विरोधियों ने षड़यंत्र रचते हुए तमाम तरह की अफवाहें फैलाने में काई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के लिए पूरी तरह से समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं, लेकिन बेबाक तरीके से बोलने के उनके स्वाभाव में कोई बदलाव नहीं आने वाला है।*

# एक सप्ताह से पुलिस का पोर्टल बंद एफआईआर देखने की सुविधा ठप

- हरसमय पोर्टल को किया जा रहा अपग्रेड, ओटीपी के बिना नहीं खुलेगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरसमय Citizen Portal of Haryana Police

रेवाड़ी। पुलिस विभाग का हरसमय पोर्टल लोगो।

एफआईआर व पुलिस संबंधी अन्य जानकारियों के लिए पब्लिक के लिए बनाया गया 'हरसमय' पोर्टल लगभग एक सप्ताह से बंद पड़ा है। इससे आम लोगों के लिए एफआईआर की कॉपी डाउनलोड करना नामुकिन हो गया है। पोर्टल को अपग्रेड करने के लिए बंद किया गया है, जिसे बीच-बीच में कभी-कभार शुरू कर दिया जाता है।

पुलिस विभाग के इस पोर्टल पर प्रदेश के सभी थानों से लेकर जीआरपी थानों में दर्ज होने वाली एफआईआर उपलब्ध होती हैं। कोई भी व्यक्ति केस नंबर के जरिए प्रदेश के किसी भी थाने की एफआईआर की प्रति हासिल कर सकता है। पोर्टल पर आमजन से जुड़ी अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध होती हैं। पुलिस संबंधी सूचनाओं के लिए यह पोर्टल काफी कारगर साबित होता है। लगभग एक सप्ताह से यह पोर्टल बंद पड़ा हुआ है, जिससे सबसे अधिक परेशानी एफआईआर डाउनलोड करने में आ रही है। ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराने से लेकर दूसरी सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पोर्टल खोलते ही सर्वर एरर दिखाई देता है। सिटीजन लॉगिन में भी दिक्कतें आ रही हैं। बीच-बीच में कभी-कभार पोर्टल चल जाता है, परंतु कुछ समय बाद ही बंद हो जाता है।

### अपग्रेड करने के लिए चल रहा कार्य

*पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय की ओर से पोर्टल को अपग्रेड कराया जा रहा है। इसके पूरी तरह अपग्रेड होने के बाद सीधे एफआईआर डाउनलोड करना संभव नहीं होगा। एफआईआर डाउनलोड करने से पहले नए ऑप्शन में मोबाइल नंबर डालना होगा। इसके बाद मोबाइल फोन पर ओटीपी आए। ओटीपी डालने के बाद ही पोर्टल से एफआईआर डाउनलोड की जा सकेगी। अभी तक पोर्टल से बिना ओटीपी एफआईआर डाउनलोड करने की सुविधा मिल रही थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पोर्टल में कई बदलाव किए जा रहे हैं, जिस कारण यह अस्थाई रूप से बंद है।*

# कपड़े की दो दुकानों पर चोरों की सेंध लाखों रुपये के कपड़े व नकदी ले गए



रेवाड़ी। मौके पर जांच करती पुलिस।

**रेवाड़ी।** शहर के सबसे व्यस्त मोती बाजार में बुधवार की रात चोर कपड़े की दो दुकानों के शटर उखाड़कर लाखों रुपये के कपड़े व नकदी चोरी कर ले गए। सिटी पुलिस ने सूचना मिलने के बाद मौका मुआयना करते हुए चोरी का केस दर्ज कर लिया। दुकानदार राजीव अरोड़ा ने बताया कि बुधवार की रात वह दुकान बंद करके घर चला गया था। वीरवार सुबह जब वह दुकान पर आया तो उसकी दुकान का शटर उखड़ा हुआ था। चोर गल्ले में रखे लगभग 50 हजार रुपये चोरी कर ले गए। उसके पड़ोस में कपड़े की दुकान का शटर उखाड़कर चोर लगभग 2.5 लाख रुपये के सूट चोरी कर ले गए। दोनों दुकानदारों ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंच पुलिस ने जांच शुरू कर दी। शहर के व्यस्त बाजार में गोकल गेट चौकी से कुछ दूरी पर हुई चोरी की वारदात से दुकानदारों में रोष है।

# अवैध हथियारों सहित दो आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पुलिस ने दो अलग- अलग मामलों में अवैध हथियारों के साथ एक नाबालिग को अभिरक्षा में लेकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग अंकित किए गए हैं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि निरपाल उर्फ गुल्लू निवासी गांव गुर्जर माजरी जिसके पास अवैध हथियार है। जो वह अभी खेड़ा मुरार रोड पर घूम रहा है।

जिस सूचना पर तुरंत रेडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंच कर साथी मुलाजमान की मदद से आरोपी को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम निरपाल उर्फ गुल्लू निवासी गांव गुर्जर माजरी बतलाया। जिसकी तलाशी ली गई तो 01 अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना बावल में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी निरपाल उर्फ गुल्लू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



रेवाड़ी। पिस्टल के साथ काबू किया गया आरोपी पुलिस टीम के साथ।

### नाबालिग से देशी कट्टा बरामद

*पुलिस को सूचना मिली कि एनएच-48 स्थित नन्द किशोर फिलिंग स्टेशन के पीछे कालोनी में एक नाबालिग लड़का घूम रहा है। जिसके पास अवैध देशी कट्टा है। जिस सूचना पर बताए हुए स्थान पर पहुंच कर नाबालिग को काबू करके उसके कब्जे से 01 अवैध देशी कट्टा बरामद किया गया। जिस पर पुलिस ने थाना बावल में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके नाबालिग को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने नाबालिग को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश कर बाल सुधार गृह फरीदाबाद भेज दिया है।*

### अवैध शराब के साथ काबू किया गया आरोपी

**धारूहेड़ा।** थाना सेक्टर-6 पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान वार्ड नं 4 धारूहेड़ा निवासी रोक्की के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 40 पव्वे देशी शराब बरामद की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि रोक्की निवासी वार्ड नं 4 धारूहेड़ा अवैध रूप से शराब बेचने का काम करता है। जो वह अभी अपने मकान में अवैध रूप से शराब बेच रहा है। जिस सूचना को सच मानकर तुरन्त रेडिग पार्टी तैयार कर बताए हुए स्थान पर पहुंच कर आरोपी को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम रोक्की निवासी वार्ड नं 4 धारूहेड़ा बतलाया। पुलिस द्वारा आरोपी के थैले की तलाशी लेने पर 40 पव्वे देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-6 धारूहेड़ा में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी रोक्की को गिरफ्तार कर लिया है।

# किसान संगठन का शिष्टमंडल मिला कप्तान से

- किसानों का हर कदम पर साथ देने का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। कैप्टन से मिलकर मांगपत्र सौंपते हुए किसान संगठन के प्रतिनिधि।

भारतीय किसान यूनियन चढूनी की जिला इकाई के एक शिष्टमंडल ने पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव के निवास स्थान पहुंचकर उनसे मुलाकात कर उनको ज्ञापन सौंपा। जिसमें पिछले दिनों हुई ओलावृष्टि के मुआवजे और 2023 के बाजार भावांतर की योजना तहत किसानों को मिलने वाले राशि की मांग रखी है। प्रधान समय सिंह ने बताया कि पिछले दिनों ओलावृष्टि पड़ी थी उसका अभी तक सरकार व प्रशासन की तरफ से यह नहीं बताया किसानों को कितना नुकसान हुआ है और मुआवजा का पैसा कब मिलेगा। दूसरी 2023 का भावांतर का पैसा अभी तक नहीं मिला है। खाद और बीज के लिए मारामारी हो रही है, डीएपी यूरिया की बहुत भारी परेशानी है। कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा की कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ खड़ी हुई है। किसानों की हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि हम यह आवाज मुख्यमंत्री के सामने भी उठाएंगे। श्री यादव ने कहा कि ओलावृष्टि और 2023 में बाजरा भावांतर योजना के तहत मुआवजे के लिए सरकार की ओर से कोई कार्रवाई न होने से किसान निराश हैं। ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है, लेकिन सरकार ने अभी तक नुकसान का आकलन नहीं किया है और न ही उन्हें कोई मुआवजा दिया है। इसके अतिरिक्त, 2023 में बाजरा भावांतर योजना के तहत किसानों को मिलने वाली राशि भी अभी तक उनके खातों में जमा नहीं की गई है। जिससे पता चलता है कि सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति असंवेदनशील है और उन्हें राहत प्रदान करने में विफल रही है। इसलिए सरकार से मांग है कि किसानों के नुकसान का तुरंत आकलन करे और उन्हें उचित मुआवजा दें। कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि किसान अन्नदाता है और हर किसी का पेट भरता है लेकिन मौजूदा भाजपा सरकार में किसानों की सुनने वाला कोई नहीं है। भाजपा ने वायदा किया था कि 2022 में स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू कर दी जाएगी और किसानों की आय दोगुनी कर दी जाएगी, जबकि आज जो किसानों की दुर्दशा है देश आजाद होने के बाद कभी नहीं हुई।

### किसानों को नहीं मिलता फसल का सही मूल्य

*कैप्टन ने कहा कि किसानों को उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिलता। नुकसान हो जाए तो मुआवजा नहीं मिलता। कृषि उपकरणों पर भी जीएसटी लगा दी है। फसल उगाई के समय डीएपी और खाद नहीं मिलता। किसान भाई चारों तरफ से घिरे हुए हैं। इस मौके पर कई किसान नेता राजेंद्र कुमार गेरा , सुरेंद्र साहब शीशराम साहब, बाबुलाल ,मनीष यादव ,जयपाल रोशन लाल, मनफूल चौधरी, लोकेश बावल कृष्ण सैनी व अन्य किसान नेता मौके पर मौजूद थे।*

## एक सप्ताह तक इसी तरह बना रहेगा मौसम

# आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी, गर्मी से राहत नहीं

- मानसून की दस्तक के बाद अभी भारी बारिश नहीं, तेज धूप खिलते ही पसीना निकालने लगती है गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। एक खेत में बाजरे की फसल पर छाई हरियाली व आसमान में छाए घने बादल।

जुलाई माह में मानसून की सक्रियता के बावजूद अच्छी बारिश का इंतजार खत्म नहीं हुआ है। पहले तीन दिनों में औसत 30 एमएम तक बरसात हो चुकी है। गत वर्षों की तुलना में यह आंकड़ा संतोषजनक है, परंतु उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। चिपचिपी गर्मी लोगों को जमकर परेशान कर रही है।

बीच-बीच में तेज धूप का निकलना उमस बढ़ाने का काम कर रहा है। लगभग एक सप्ताह तक मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिलेगा। वीरवार तड़के जिले के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हुई। इसके बाद कुछ समय के लिए सूर्यदेव ने दर्शन दिए, तो वातावरण में उमस बन गई। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 35.0 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान इतनी ही वृद्धि के साथ 23.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लगभग एक सप्ताह से तापमान इसी तरह का बना हुआ है। हवा में नमी का स्तर 70 फीसदी के आसपास बना हुआ है। हवा की गति 14 किमी प्रति घंटा रहने के बावजूद दोपहर के समय एक बार धूप निकलते ही गर्मी ने लोगों का पसीना निकालना शुरू कर दिया। भारी उमस के कारण कूलरों की हवा तक काम नहीं कर रही है। एसी में रहने वाले लोगों को जरूर राहत मिल रही है। दिन भर वातावरण चिपचिपा बना रहता है। लोगों के पसीने नहीं सूख पाते। जुलाई माह के पहले तीन दिनों में औसत 30 एमएम बारिश दर्ज की गई है। जब तक अच्छी बरसात नहीं होगी, तब तक उमस से राहत नहीं मिलेगी। मानसून फिलहाल गति नहीं पकड़ पाया है। आसमान में बादल छाने के बाद बूंदाबांदी या हल्की बरसात तो होती है, परंतु भारी बारिश अभी तक देखने को नहीं मिली है। वीरवार को दोपहर बाद एक बार फिर से आसमान में बादल गहराने के बाद कई स्थानों पर बूंदाबांदी और हल्की बरसात हुई।

### सप्ताह तक परिवर्तनशील रहेगा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार लगभग एक सप्ताह तक मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिलेगा। कभी आसमान साफ होगा, तो कभी घने बादलों के बीच बूंदाबांदी या बारिश होगी। दो-तीन दिन में मध्यम से तेज बरसात भी हो सकती है। मानसून की सक्रियता अभी कई दिनों तक बनी रहेगी। इस दौरान तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव बना रहने की संभावना है। अगले सप्ताह तेज बरसात होने की संभावना भी जताई जा रही है।

### किसानों को मौसम से बड़ी राहत मिली

मौसम में बदलाव के बाद किसानों को बड़ी राहत मिली है। जिले में लगभग 90 हजार हेक्टेयर भूमि पर बाजरा और 7 हजार हेक्टेयर भूमि पर कपास की फसल बोई हुई है। बारिश नहीं होने के कारण बाजरे की फसल पर संकट के बादल छाने शुरू हो गए थे। अब मानसून की बरसात शुरू होने से दोनों फसलों पर रौनक छाई हुई है। बारिश से फसलों का तेजी से विकास हो रहा है। इस समय किसान फसल सिंचाई से भी बचे हुए हैं।

रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चो, ब्रिज या फ्लाईओवर्स का निर्माण हमारे यातायात को सुगम बनाने के लिए किया जाता है। सड़क या रेलवे लाइन को पार करने के लिए भी फुटओवर ब्रिज बनाए जाते हैं। सिर्फ इंसान के लिए ही नहीं, कई देशों में इस तरह के ब्रिज वन्य जीवों के लिए भी बनाए गए हैं ताकि वे वाहनों से टकरा कर चोटिल ना हों, सुरक्षित रहें। जानो, इन अनूठे ब्रिजेस के बारे में।



# वन्य जीवों के लिए अनूठे ग्रीन ब्रिज

### क्रैब ब्रिज, क्रिसमस आइलैंड नेशनल पार्क ऑस्ट्रेलिया

**ऑस्ट्रेलिया के** क्रिसमस आइलैंड में हर साल बहुत बड़ी संख्या में रेड क्रैब समुद्र की तरफ माइग्रेशन के लिए निकल पड़ते हैं। रास्ते में कई बार वाहनों द्वारा कुचल कर सैकड़ों क्रैब्स यानी केकड़े अपनी जान गंवा देते हैं। इस स्थिति को ध्यान में रखकर वहां एक 16 फीट ऊंचा पुल बना दिया गया। अब व्यस्त सड़क के ऊपर से बिना किसी जोखिम के आसानी से ये क्रैब्स निकल जाते हैं। इतना ही नहीं, यहां 31 स्पेशल क्रैब अंडरपास और 65 मील लंबाई के प्लास्टिक बैरियर भी लगा दिए गए हैं। ताकि केकड़े इधर-उधर ना भटक कर पैसेज की तरफ से ही आगे बढ़ें और सुरक्षित रहें। *

### नेचरबर्ग जैंडरीज क्रैलू नीदरलैंड



**नीदरलैंड का** नेचरबर्ग जैंडरीज क्रैलू दुनिया में सबसे लंबी वन्य जीव क्रॉसिंग है। बालू से बना हुआ यह कुदरती पुल, 2625 फीट लंबा और 164 फुट चौड़ा है। यह ब्रिज कई सड़कों, रेलवे लाइनों और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के ऊपर से गुजरता है। रोजाना इस ब्रिज का उपयोग हिरण, जंगली सुअरों सहित कई अन्य जीव-जंतु करते हैं। इस ब्रिज की सहायता से ये जंगलों तक बड़े आराम से पहुंच जाते हैं। नीदरलैंड में 600 से ज्यादा ऐसे ईकोडक्ट बनाए गए हैं। *

### वाइल्डलाइफ ओवरपास बैनफ नेशनल पार्क कनाडा

**कनाडा के** अल्बर्टा में स्थित बैनफ नेशनल पार्क में हिरणों की कई प्रजातियां, बारासिंघा, भूरे भालू और अन्य कई छोटे-बड़े वन्य जंतु पाए जाते हैं। जब ये वन्य जंतु वहां के हाईवे को पार करके दूसरी तरफ जाते हैं, तब तेज गति से गुजरते वाहनों से इनके टकरा कर घायल होने का खतरा रहता है। इस खतरे को ध्यान में रखकर वहां के जागरूक नागरिकों और वन्यजीव अधिकारियों ने 1996 में ट्रांस कनाडा हाईवे पर 6 वन्य जीव फ्लाईओवर ब्रिज और 38 अंडर पासेस का निर्माण करवाया। इन पुलों के निर्माण के बाद सड़क दुर्घटना में मरने वाले जानवरों की संख्या में काफी कमी आई है। *



### नट्टी नैरो ब्रिज, लॉन्ग व्यू अमेरिका



**अमेरिका के** वाशिंगटन के लॉन्ग व्यू में ओलंपिया वे पर बना यह एक पतला-सा एनिमल क्रॉसिंग ब्रिज है, जो मुख्य रूप से गिलहरियों के लिए बनाया गया है। इसकी चौड़ाई इतनी ही है कि गिलहरी जैसे छोटे जंतु इस पर मजे से चल सकें। अकसर गिलहरियां रोड क्रॉस करते हुए गाड़ियों के नीचे दब जाती थीं। 1963 में एक स्थानीय बिल्डर एमोस पीटर्स ने गिलहरियों को ट्रैफिक भरी सड़क से दूर रखने के उद्देश्य से इस नट्टी नैरो ब्रिज को बनवाया था। इसके बाद वाशिंगटन में जगह-जगह इस तरह के कई पुल बनाए गए। *




### ए 556 ग्रीन ब्रिज यूके

**यूनाइटेड किंगडम** (यूके) में वन्य जीवों के सुरक्षित आवागमन के लिए बनाए गए पुलों को ग्रीन ब्रिज कहते हैं। इंग्लैंड के चेशायर में कई छोटे-बड़े जंतु रहते हैं। यहां 2018 में नूटसफोर्ड से बाऊडॉन बाईपास तक एक ग्रीन ब्रिज बनाया गया। इस ग्रीन ब्रिज का उपयोग वन्य जीवों के साथ यहां निवास करने वाले किसान और मजदूर भी करते हैं। *

### ईकोलिंक सिंगापुर

**सिंगापुर में** बड़ी संख्या में वन्य जीव पाए जाते हैं। यहां सिटी सेंटर के बाहर स्थित रेनफॉरेस्ट नेचर रिजर्व, सड़क निर्माण के कारण दो हिस्सों में बंट गया था। इससे वन्य जीवों को विचरण करने में बहुत परेशानी होती थी। 2013 में इन्हें ईकोलिंक ओवरपास के माध्यम से जोड़ दिया गया। यह ईकोलिंक 8 लेन का है। दक्षिण पूर्वी एशिया में अपनी तरह का यह पहला ओवर पास है। *



ऐतिहासिक धरोहर / रजनी अरोड़ा

# दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार

बच्चो, अगर तुमसे पूछा जाए कि दुनिया की सबसे लंबी दीवार कौन-सी है, कहां है? तो झट से तुम्हारा जवाब होगा-द ग्रेट वाल ऑफ चाइना। लेकिन क्या तुम्हें पता है चीन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार कहां स्थित है, कौन-सी है? यह दीवार अपने देश भारत में है। राजस्थान राज्य में स्थित कुंभलगढ़ किले की दीवारों को दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार का दर्जा प्राप्त है।



**यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में है शामिल:** राजस्थान के कुंभलगढ़ किले की दीवार 36 किलोमीटर लंबी है। इस दीवार को यूनेस्को ने दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार घोषित किया है। इसके अलावा यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज की लिस्ट में भी इस दीवार को शामिल किया गया है।

**ऐतिहासिक महत्व:** कुंभलगढ़ किले का निर्माण महाराणा कुंभा ने 15वीं शताब्दी में करवाया था। तुमने इतिहास की किताबों में शूरवीर नायक महाराणा प्रताप के बारे में पढ़ा होगा। महाराणा उदय सिंह के पुत्र महाराणा प्रताप का जन्म इसी कुंभलगढ़ के किले में हुआ था। यह किला कुंभलगढ़ की संकटकालीन राजधानी रहा है। मेवाड़ पर जब भी कोई बाहरी आक्रमण होता था, मेवाड़ का राज परिवार इसी किले में सुरक्षित रहता था। पन्ना धाय ने इसी किले में छिप कर महाराणा प्रताप के पिता उदय सिंह का पालन-पोषण किया था। हल्दी घाटी के युद्ध के बाद महाराणा प्रताप भी काफी समय तक इसी किले में रहे थे।

**किले की विशेषताएं:** उत्तर-पश्चिमी भारत की अरावली माउंटेन रेंज पर बना कुंभलगढ़ किला समुद्र तल से करीब 1,100 मीटर (3,600 फुट) ऊंचाई पर बना है। इसमें करीब 350 से ज्यादा प्राचीन जैन और हिंदू मंदिर हैं। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि ही नहीं, अपने वास्तुशिल्प के लिहाज से भी यह किला बेजोड़ है। कई पहाड़ियों और घाटियों को मिलाकर बना यह किला बहुत ही अनोखा और मजबूत है। इस किले के ऊंचे स्थानों पर महल, मंदिर और घर बनाए गए हैं। समतल भूमि का उपयोग खेती के लिए और ढलान वाली जगहों पर जलाशय बनाए गए हैं। खुद महाराणा कुंभा ने इस किले का डिजाइन तैयार किया था। माना जाता है कि महाराणा कुंभा मजदूरों को प्रतिदिन करीब 50 किलो घी और 100 किलो रुई देते थे ताकि रोशनी जलाकर किले का काम रात को भी किया जा सके। इस किले के निर्माण में लगभग 15 वर्ष का समय लगा।



कुंभलगढ़ किले की दीवार अरावली की 13 पहाड़ियों तक फैली है, जो 36 किलोमीटर लंबी और 15 फुट चौड़ी है। इसमें 7 विशाल दरवाजे और वॉच-टॉवर हैं। यह दीवार इतनी चौड़ी है कि इस पर एक साथ दस घोड़े आसानी से दौड़ सकते हैं, मजबूत इतनी है कि कई आक्रमणकारी इसे तोड़ कर लांघ नहीं पाए। *

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## रोमांचक बाल-उपन्यास

पंजाबी भाषा में लिखे और पुरस्कृत 'पताल दे गिठमुठिए' उपन्यास का हिंदी अनुवाद 'पाताल के बौने' हाल में छपकर आया है। इसकी कहानी 'रसूलपुर' गांव से शुरू होती है। जहां पानी की कमी है और गांव वाले पानी की कमी दूर करने के लिए कुआं खोदते हैं। बच्चों के लिए भी यह काम कौतूहल जगाने वाला है। तभी गांव का एक आदमी गांव वालों को जमीन के नीचे रहने वाले बौनों को देखे जाने का एक मनगढ़ंत किस्सा सुनाता है। इसे सुनकर गांव का एक बच्चा निक्कू एक शाम उस नए बनते कुएं में लगी हुई सीढ़ी से बौनों को देखने नीचे उतर जाता है। तभी अचानक उसकी भेंट सचमुच एक छोटे से जीव से हो जाती है। अब निक्कू हैरान भी है और भौंचक भी कि वह अब क्या करे? लेकिन वह हिम्मत से उस नए जीव के साथ आगे बढ़ता जाता है। जमीन के नीचे एक अलग दुनिया दिखती है। अब निक्कू वहां किन मुसीबतों में पड़ता है? और उनसे फिर कैसे किसी जांबाज की तरह बच निकलता है? यह पूरी कहानी तुम इस बौनों के रोमांचकारी दुनिया में ले जाने वाली किताब में पढ़ सकते हो। *



**किताब:** पाताल के बौने (पंजाबी बाल-उपन्यास), **लेखक:** जसबीर भुल्लर, **अनुवाद:** जसबीर कौर, **मूल्य:** 150 रुपए, **प्रकाशक :** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले



**रिया:** आंखों के भाई को क्या कहते हैं?
**सिया:** मुझे नहीं पता, तुम बता दो।
**रिया:** आई'ब्रो'। -कोमल, हिसार

**मोनू (समोसे वाले से):** भैयाजी, 10 समोसे देना।
**समोसे वाला:** पैक करके देना है?
**मोनू:** नहीं, मैं पेन ड्राइव लाया हूं। उसमें समोसे नाम का फोल्डर बनाओ और डाल दो। -अनिकेत, सरगुजा

## जीके क्विज-160



1. हाल ही में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने वाले पहले भारतीय कौन बने हैं?
2. वूमेंस वन-डे वर्ल्ड कप चैंपियनशिप 2025 किन दो देशों में आयोजित किया जाएगा?
3. दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश कौन-सा है?
4. सत्यशोधक समाज की स्थापना किसने की थी?
5. इडुक्की वन्यजीव अभयारण्य किस राज्य में स्थित है?
6. पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह कौन-सा है?
7. भारत के किस प्रदेश को पहले 'नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी' के नाम से जाना जाता था?
8. भारत रत्न से सम्मानित बिस्मिल्लाह खान का संबंध किस वाद्य यंत्र से था?
9. किस भारतीय खिलाड़ी को 'हॉकी का जादूगर' के नाम से भी जाना जाता है?
10. आंवला में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?

**बच्चो, जीके क्विज-160 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-159 का उत्तर :** 1.स्मृति मंधाना, 2.साइप्रस, 3.बंडारू दत्तात्रेय, 4.मध्य प्रदेश, 5.लैक्टोमीटर, 6.साहित्य, 7. 11 जुलाई, 8.महात्मा गांधी, 9.जगन्नाथ मंदिर, 10.हिंद महासागर


**जीके क्विज-159 का सही उत्तर देने वाले :** सौम्या-जांजगीर, स्वप्निल-जांजगीर, सौरभ-बिलासपुर, कबीर-हिसार, नीटू-रायगढ़, राम-सीतापुर, गोविंद-रायपुर, तान्या-भोपाल, कमल-महासमुंद, राम-राजनांदगांव, हर्ष-बालोद



कहानी
क्षमा शर्मा

अजीब बच्चा था अंतरिक्ष, जहां बच्चे विशालकाय डायनासोर, सांप-बिच्छू और छिपकलियों से डरते हैं, वहीं अंतरिक्ष मजे से इनके खिलौनों से खेलता था। लेकिन नन्हा अंतरिक्ष जब स्कूल जाने लगा तो उसके दादा जी ने खतरनाक जंतुओं वाले खिलौने से दूर रहने को कहा। ऐसा उन्होंने क्यों कहा...?

# अंतरिक्ष का स्कूल



अंतरिक्ष ने स्कूल जाना शुरू किया था। जब भी उसकी मम्मी उठातीं, वह खूब-रोता, 'नहीं जाना स्कूल, नहीं जाना है..', कहकर बिस्तर में लेटे रहने की कोशिश करता। मम्मी उसे गोद में उठाकर लातीं, मुंह धुलवातीं, ब्रश करातीं, नहलातीं। स्कूल ड्रेस पहनातीं। थोड़ी ही देर में वह उसका नाश्ता टेबल पर लगा देतीं। कहतीं, 'मेरा राजा बेटा तो बहुत अच्छा है। वह तो बिल्कुल भी जिद नहीं करता।' तभी उसकी देखभाल करने वाली डेल्सी आंटी उसके लिए गरम दूध ले आतीं। अंतरिक्ष दूध पीने में भी बहुत मान-मनौव्वल कराता। जब डेल्सी उसे दूध पिलाने की कोशिश करतीं, तो वह जिद करता, 'नहीं मम्मी से..।' और जब मम्मी उसे दूध पिलाने की कोशिश करतीं तो वह डेल्सी को बुलाता। कभी-कभी मम्मी नाराज होतीं, कहतीं, 'अंतरिक्ष, क्यों सबेरे-सबेरे परेशान करके टाइम खराब करते हो।' लेकिन अंतरिक्ष वही करता, जो उसके मन में होता। दूध भी ऐसे पीता कि मुंह पर दोनों तरफ दूध की सफेद मूंछें बन जातीं। यह देख पापा कहते, 'अरे, हमारा बेटू तो दादा जी जैसा बन गया।'

अंतरिक्ष की दादा जी जैसी सफेद मूंछें! वह दौड़ कर शीशे में जाकर देखता और हंसता। इस तरह उसका रोना रुक जाता। मम्मी उसके बस्ते में लंच बॉक्स और जरूरी चीजें रखतीं। पापा उसके जूते पॉलिश करते, मम्मी उसे पहनातीं। फिर पापा बाहर जाकर गाड़ी निकालते और हॉर्न बजाते। इसका मतलब होता-अंतरिक्ष, जल्दी से बाहर आ जाओ। टाइम हो गया। वह दौड़ने को होता कि मम्मी बाहर तक उसे नाश्ता खिलाती जातीं। उन्हें पता था कि वह नाश्ता करने में भी, दूध पीने की तरह कितने नखरे दिखाता है, मौका मिलते ही छोड़कर भाग जाता है।

अंतरिक्ष को डायनासोर, सांप, बिच्छू और छिपकलियां बहुत पसंद थीं। उसके बर्थ-डे पर उसके दोस्तों ने चिड़िया से लेकर रियल डॉगी के साइज के बराबर तक के डायनासोर वाले खिलौने दिए थे। हालत यह थी कि अंतरिक्ष की मम्मी छिपकली को देखकर डर से कांपने लगती थीं, और अंतरिक्ष था कि इन खिलौनों को अपने साथ लेकर सोता। स्कूल भी अपने इन्हीं खिलौनों में से किसी एक को साथ ले जाता। पूरे स्कूल में वह डायनासोर वाले अंतरिक्ष के नाम से मशहूर था। उसकी टीचर्स और प्रिंसिपल भी इस बारे में जानती थीं।

आज सवेरे जब अंतरिक्ष पापा के साथ स्कूल पहुंचा, तो उसकी सभी टीचर्स बाहर ही खड़ी थीं। हर रोज ऐसा ही होता था। टीचर्स सवेरे बाहर आकर बच्चों का स्वागत करतीं, हाल-चाल पूछतीं। उनसे हंसी-मजाक करतीं। अंतरिक्ष पापा के साथ आगे बढ़ा था कि प्रिंसिपल मैम ने उसे पुकारा, 'अंतरिक्ष, जरा रुको।' अंतरिक्ष और पापा रुक गए। प्रिंसिपल मैम उसके पास आईं और बोलीं, 'अंतरिक्ष, जरा मेरे साथ तो आओ।' कहती हुई वह अपने कमरे की तरफ बढ़ीं। अंतरिक्ष भी पापा के साथ उनके पीछे आया। वह कुर्सी पर बैठ गईं। फिर अंतरिक्ष को गोद में लेकर अपने मोबाइल पर कुछ पिक्चर्स दिखाने लगीं। पेड़ों की, फूलों की, झरने की, नाव की। साथ में बताती भी जा रही थीं, 'पता है कल मैं अपनी साइकिल से दूर जंगल में सैर करने गई थी। यह देखो सारे पेड़ों, फूलों और तितलियों के पिक्चर्स वहीं के हैं। और तुम्हारा बर्थ-डे गिफ्ट भी है।' कहते हुए मैम ने एक पिक्चर को एनलार्ज कर दिया। हरे रंग का बड़ा-सा पेड़ और उसके नीचे फन उठाए एक काला नाग दिखा। मैम ने बताया, 'कल जब मैं जा रही थी, तो अचानक मुझे यह सांप दिखा। मैंने फौरन तुम्हारे लिए इसका फोटो खींच लिया। पसंद आया बर्थ-डे गिफ्ट।'

यह सुनकर अंतरिक्ष और पापा दोनों मुस्कराए तो मैम आगे बोलीं, 'मैं तुम्हारे बर्थ-डे पर नहीं आ पाई थी न, अब इस फोटो को मैं तुम्हारी मम्मी को व्हाट्सएप मैसेज कर दूंगी।' फिर प्रिंसिपल मैम पापा से बोलीं, 'ऐसा बच्चा मैंने पहली बार देखा है, जो सांप, छिपकलियों और अन्य रेप्टाइल्स को इतना पसंद करता है। वरना तो बच्चे इनसे बहुत डरते हैं।'

पापा ने कहा, 'हां मैम, लेकिन अब हम ऐसे खिलौनों से इसे दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। मेरे पापा मतलब इसके दादा जी, कहते हैं कि कहीं ऐसा न हो कि कभी रियल सांप या छिपकली को खिलौना समझकर पकड़ने दौड़े। इसलिए इन चीजों से इसका ध्यान हटाना जरूरी है।'

'अरे हां, यह बात तो मैंने सोची ही नहीं। चलिए, मैं भी इस सांप की पिक्चर इसकी मम्मी को व्हाट्सएप नहीं करूंगी। ओके थैंक्स।' मैम तुरंत बोलीं।

अंतरिक्ष, पापा को देखकर मुस्कराया और जोर से बोला, 'थैंक्यू मैम।' फिर वह पापा के साथ अपनी क्लास की ओर बढ़ गया। रास्ते में ढेर सारी तितलियां उसके पास से गुजरीं। उसने उन्हें पकड़ने की कोशिश नहीं की। उसे याद आया, दादी मना करती हैं न। कहती हैं, 'मर जाएंगी बेचारी!' *

कविता
शादाब आलम




## बढ़िया आम

पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!
हंसते-हंसते कहे चकोरी
ये लो बीस किलो की बोरी
दफ्तर से निबटा कर अपने सारे काम!
पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!
मुझको केक नहीं है खाना
चॉकलेट बिल्कुल मत लाना
मत लाना बर्फी, रसगुल्ला, कालाजाम!
पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!
एक गाय अकसर आती है
आम शौक से वो खाती है
मैंने जोड़ा हिस्से में उसका भी नाम!
पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!
आमों का मौसम है जब तक
कम खाऊंगी खाना तब तक
पेट भरूंगी आमों से ही सुबहो-शाम!
पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां पेपर-क्राफ्ट बना रहे बच्चे के एक जैसे दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें ये सारे अंतर खोजने हैं, तो देर किस बात की, फटाफट तीन मिनट में सारे अंतर खोजकर बताओ।



**उत्तर :** 1. लड़के की कैंची के हैंडल का कलर डिफरेंट है। 2.लड़के के हाथ में ब्लैंक शीट है। 3.लड़के की हेयर स्टाइल आगे से अलग है। 4.लड़के के सिर के पीछे दिख रहे दो बाल गायब हैं। 5.लड़के की टी-शर्ट पर आगे स्ट्रिप बना हुआ है।

## रास्ता खोजो

बच्चो, इस चित्र में एक खरगोश है, जिसे गाजर खाना है। लेकिन उसे गाजर के साथ और भी चीजें रखी दिखाई दे रही हैं। खरगोश को समझ में नहीं आ रहा है वह किस रास्ते से जाए कि उसे गाजर खाने को मिल जाए। खरगोश को गाजर तक पहुंचने में मदद तो करो।



## खबर संक्षेप

### पेड़ से लटका मिला व्यक्ति का शव

**रेवाड़ी।** खोल गांव में दोपहर एक खेत में पेड़ से शव लटका मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया, परंतु उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। बाद में शव को सामान्य अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया गया। ग्रामीणों को दोपहर के समय खोल निवासी हनुमान के खेत में एक व्यक्ति का शव फांसी के फंदे पर झूलता दिखाई दिया। इसकी सूचना थाना खोल पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर शव को पेड़ से उतरवाया। मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास किए, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**कनीना।** गांव सुंदरह में बुधवार को पौधरोपण किया गया। जिसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भाईचारा युवा संगठन की ओर से गांव में रिक्त पड़ी पंचायती भूमि पर नीम, पीपल, पापड़ी, इमली सहित विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए। गांव के युवाओं ने स्वयं पौधे लगाए, वहीं ग्रामीणों को भी पौधे लगाने के लिए जागरूक किया। युवकों ने कहा कि पेड़ ऑक्सीजन का भंडार हैं। प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका सामाजिक संगठन गांव में समय समय पर साफ सफाई, नशा मुक्ति जागरूकता, खेलकूद व करियर गाइडेंस जैसे समारोह का भी आयोजन करता है।

### विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

**नारनौल।** हरियाणा सरकार की ओर से खेल महाकुम्भ प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सतनाली में किया गया। जिसमें जिला स्तर पर राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर के खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। खिलाड़ियों को जीत की बधाई देते हुए विद्यालय प्राचार्य अनिता देवी ने बताया इस प्रतियोगिता में लॉन्ग जम्प में नियति पुत्री प्रदीप उनिन्दा द्वितीय, 100 मीटर व 200 मीटर दौड़ व डिस्कस थ्रो में सिमरन पुत्री अलीमोहम्मद कांटी प्रथम, प्रिया गांव कांटी वॉक रेस में प्रथम व गीतान्जलि ने तृतीय, हाई जम्प में खुशबू पुत्री हरिकिशन कटकई ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि खेलकूद भी पढ़ाई की तरह जीवन का हिस्सा है।

### महापुरुषों की जयंती मनाना गौरव की बात : रणबीर गंगवा

# महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती के कार्यक्रम का निमंत्रण दिया

13 जुलाई को भिवानी में महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती राज्य स्तर पर मनाई जा रही है जिसमें प्रदेशभर विभिन्न वर्गों के लोग हिस्सा लेंगे


रेवाड़ी। रेस्ट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए रणबीर गंगवा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने वीरवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में प्रजापति समाज की जिला स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए 13 जुलाई को भिवानी में आयोजित होने वाले आराध्य देव महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती के कार्यक्रम का निमंत्रण दिया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार योजना के तहत महापुरुषों की जयंती मनाने की ऐसी परंपरा शुरू की है, जिससे समाज का हर वर्ग स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश सरकार द्वारा 13 जुलाई को भिवानी में महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती राज्य स्तर पर मनाई जा रही है, जिसमें प्रदेश भर से सभी वर्गों के लोग भाग लेंगे। गंगवा ने लोगों को अधिक से अधिक संख्या में भिवानी पहुंचने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि महाराजा दक्ष जैसे महापुरुष समाज को मार्गदर्शन देने के लिए अवतरित होते हैं, ऐसे इष्ट देव के चरणों में हाजिरी लगाने के लिए एक दिन का समय हमें अवश्य देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय तथा डा. भीमराव अंबेडकर की सामाजिक उत्थान की भावना को साकार करते हुए सरकारी नौकरियों में मेरिट के आधार पर युवाओं की भर्ती की। जिसके परिणामस्वरूप अब बैकलॉग की एक भी सीट खाली नहीं रहती।

इसी प्रकार पंचायत चुनाव में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देकर पंचायती राज संस्थाओं में प्रतिनिधित्व दिया गया है। महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती में हमें अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर प्रजापति संगठन की ताकत दिखानी है और कार्यक्रम को भव्य तरीके से मनाने के लिए सहयोग करना है।

#### उत्साहजनक होगी रेवाड़ी की

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि भिवानी में 13 जुलाई को होने वाले जयंती समारोह में रेवाड़ी जिला की उत्साहजनक भागीदारी रहेगी। इस आयोजन में छत्तीस बिरादरी के लोग भारी संख्या में भिवानी पहुंचेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने कहा कि महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती समारोह को लेकर रेवाड़ी जिला के लोगों में भरपूर उत्साह बना हुआ है।

# गांव रामपुरा में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के जन्मदिन पर कार्यक्रम

- गांव रामपुरा में टीबी जांच शिविर तथा गोसेवा का कार्यक्रम



रेवाड़ी। कैंप में आए लोगों से बातचीत करते हुए राव इंद्रजीत सिंह। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आज गांव रामपुरा में टीबी जांच शिविर तथा गोसेवा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्रीय योजना, सांख्यिकी व कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्री राव इंद्रजीत सिंह मुख्य अतिथि व विधायक डा. कृष्ण कुमार विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि हर एक गांव को टीबी मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने विशेष जांच अभियान शुरू करवाया है। जिसके अंतर्गत मोबाइल वैन गांव-गांव जाकर खांसी व दमा के मरीजों की सेहत की जांच कर रही है। इस मोबाइल वैन में चिकित्सक, मेडिकल स्टाफ व दवाइयों का स्टॉक रहता है। मौके पर ही मरीजों को तपेदिक के उपचार के लिए निशुल्क दवाइयां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि गांव रामपुरा में टीबी मुक्त अभियान का चलाया जाना ग्राम पंचायत की ओर से सराहनीय प्रयास है।

# पति के साथ चल रही महिला की अनबन ससुराल सामान लेने गई तो चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। अस्पताल में उपचाराधीन महिला तन्नू।

पति के साथ अनबन के चलते मायके से ससुराल सामान लाने के लिए गई एक महिला की गर्दन पर उसके पति ने चाकू से वार कर दिया। महिला को गंभीरावस्था में ट्रॉमा सेंटर में दाखिल कराया गया है। कार्रवाई के लिए पुलिस महिला के बयान दर्ज करने का इंतजार कर रही है।

रामसिंहपुरा निवासी अनिल कुमार ने अपनी बेटी की शादी बत्रा कॉलोनी निवासी नितेश से की हुई है। नितेश का कुछ दिनों से अपनी पत्नी के साथ विवाद चल रहा है। विवाद के चलते नितेश की पत्नी तनू अपने मायके रामसिंहपुरा आई हुई थी। वह वीरवार को अपने पिता से जरूरी कागजात व सामान ससुराल से लाने की बात कहते हुए निकली थी। तन्नू ने बताया कि जब वह ससुराल पहुंची तो उसका पति घर पर नहीं था। उसने अपने पति को फोन किया, तो कुछ देर बाद वह घर आ गया। आते ही उसने उसकी गर्दन पर चाकू से वार कर दिया। तन्नू ने अपने पिता को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद अनिल तुरंत तन्नू के ससुराल पहुंचा। तब तक उसका दामाद वहां से फरार हो चुका था। अनिल ने अपनी बेटी को ट्रॉमा सेंटर में दाखिल कराया।

# नशे के खिलाफ चल रहे अभियान में आमजन से सहयोग की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। ग्रामीणों को नशे के प्रति जागरूक करते पुलिस विभाग की टीम।

पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में जिला को नशा मुक्त करने के लिए रेवाड़ी पुलिस का अथक प्रयास निरंतर जारी है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मादक पदार्थों के दुरुपयोग और उनकी अवैध तस्करी के प्रति समाज में जन-जागरूकता फैलाना है, साथ ही युवाओं को नशे की गिरफ्त में आने से रोककर एक स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक समाज का निर्माण करना है।

इसी के तहत वीरवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने गवर्नमेंट स्कूल गांव साबन, आसरा का माजरा, मोहम्मदपुर व धारण का दौरा करके स्टूडेंट्स/आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई के विरुद्ध सामाजिक आंदोलन चलाने की आवश्यकता है।

#### नशे के बारे में तुरंत पुलिस को दें सूचना

उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित स्टूडेंट्स/आमजन से कहा कि नशे के विरुद्ध इस युद्ध में पुलिस का सहयोग करें। अगर किसी भी परिवार में कोई भी व्यक्ति नशे का सेवन करता है तो उसे नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें, जिला पुलिस इसमें पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जिले में नशे के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाकर नशे के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

# 3.5 करोड़ नए रोजगार सृजित करने का लक्ष्य

- रोजगार प्रोत्साहन के लिए योजना को मंजूरी सराहनीय कदम : मोहित यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


कमिश्नर मोहित यादव।

क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त मोहित यादव ने कहा कि भारत सरकार ने देश में औपचारिक रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए रोजगार प्रोत्साहन योजना को मंजूरी प्रदान की है। यह योजना वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप तैयार की गई है और इसे उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना, राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन, तथा मेक इन इंडिया जैसे प्रमुख राष्ट्रीय अभियानों का समर्थन प्राप्त है।

वीरवार को एक बयान में मोहित यादव ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-27 के दौरान लगभग 3.5 करोड़ नए रोजगार सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है।

योजना को दो भागों में विभाजित किया गया है। भाग-ए के अंतर्गत उन युवाओं को लाभ मिलेगा जो पहली बार ईपीएफओ के अंतर्गत नियोजित हो रहे हैं और जिनका मासिक वेतन 1 लाख रूपये तक है। उन्हें 15 हजार रुपये तक की राशि दो किश्तों में दी जाएगी। पहली किश्त 6 माह की सेवा के बाद और दूसरी किश्त 12 माह पूर्ण करने तथा एक वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम को पूरा करने के बाद।

इससे लगभग 1.92 करोड़ युवा लाभान्वित होंगे। भाग-इ में नियोक्ताओं को अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति पर वित्तीय प्रोत्साहन दिया जाएगा।

प्रत्येक नए कर्मचारी पर नियोक्ताओं को 1,000 से 3,000 रुपये तक प्रति माह की प्रोत्साहन राशि 2 वर्षों तक प्रदान की जाएगी। विनिर्माण क्षेत्र को यह लाभ अतिरिक्त दो वर्षों तक मिलेगा।

इस भाग से लगभग 2.6 करोड़ रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। योजना का कुल बजट 99,446 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है और यह भुगतान डीबीटी माध्यम से सीधे कर्मचारियों और नियोक्ताओं के खातों में किया जाएगा।

#### योजना रोजगार पैकेज का ही हिस्सा

उन्होंने बताया कि यह योजना केंद्रीय बजट 2024-25 के अंतर्गत प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 2 लाख करोड़ के रोजगार पैकेज का हिस्सा है, जिसके माध्यम से 4.1 करोड़ युवाओं को प्रत्यक्ष लाभ मिलने की उम्मीद है। एछक योजना का उद्देश्य युवाओं को औपचारिक रोजगार के अवसर प्रदान करना, कौशल निर्माण को बढ़ावा देना और उद्योगों में स्थायित्व लाना है। यह पहल विशेष रूप से श्रम-प्रधान क्षेत्रों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम और विनिर्माण इकाइयों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी।

# कंपनी से प्लास्टिक दाना चोरी के चार आरोपी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल


बावल। चोरी के आरोपी पुलिस टीम के साथ।

थाना बावल पुलिस ने औद्योगिक एरिया की एक कंपनी से प्लास्टिक दाना चोरी करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राजस्थान के जिला अलवर के गांव अमोठ निवासी मोहित कुमार, गांव भाडावास निवासी मुकेश, गांव प्राणपुरा निवासी रोहित व जैकी के रूप में हुई है।

जेआरजी कंपनी के प्रतिनिधि संजीव ने अपनी शिकायत में बताया था कि गत 10 जून को उनकी कंपनी से करीब 60 बैग (प्लास्टिक दाना) एबीएस चोरी हो गए है। इस कार्य में राजस्थान के जिला अलवर के गांव अमोठ मोहित कुमार भी संलिप्त है। जिस पर पुलिस ने थाना बावल में चोरी का मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त चार आरोपी राजस्थान के जिला अलवर के गांव अमोठ निवासी मोहित कुमार, गांव भाडावास निवासी मुकेश, गांव प्राणपुरा निवासी रोहित व जैकी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों से उपरोक्त प्लास्टिक दाना बेच कर प्राप्त की राशि में से 19 हजार रुपये बरामद किए है।

# शहर में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था करें अधिकारी : गंगवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। रेस्ट हाउस में गंगवा का स्वागत करते भाजपा नेता।

लोक निर्माण तथा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने विभागीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बरसात के मौसम में पानी की निकासी की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी सीवरेज लाइनों की सफाई करवाई जाए। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के सभागार में आयोजित हुई इस बैठक में मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि सीवरेज लाइन की सफाई के लिए पर्याप्त मशीनरी उपलब्ध है। और मशीनों की जरूरत पड़ती है तो वह भी भिजवा दी जाएगी। अधिकारी प्रस्ताव बनाकर उनके पास भिजवाएं। उन्होंने कहा कि पानी की शुद्धता की जांच की जाए। सीवरेज का दूषित पानी पेयजल आपूर्ति की लाइन के साथ मिक्स नहीं होना चाहिए। बारिश के मौसम में शहर में कहीं भी जलभराव की समस्या से निपटने के लिए अधिकारी व उनकी टीम अपनी पूरी तैयारी रखें। गंगवा ने कहा कि बरसात के दौरान कहीं पर सड़क टूट कर गड्ढा बन जाता है तो बीएंडआर विभाग द्वारा उसे फौरन भरा जाए। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी तथा लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता, एसडीओ व जेई अपने एरिया का लगातार निरीक्षण करते रहें।

# सरकारी अस्पताल में बुजुर्गों के बनाए गए आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली


कोसली। आयुष्मान कार्ड प्रदान करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना पोपली। फोटो : हरिभूमि

नागरिक अस्पताल में वीरवार को प्राइवेट हास्पिटल के सहयोग से एक शिविर का आयोजन कर 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना पोपली ने लाभपात्रों को ये कार्ड़ भेंट किए। वंदना पोपली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 70 साल या इससे अधिक आयु के बुजुर्गों का पांच लाख रूपए तक का ईलाज मुफ्त में करवाने के लिए आयुष्मान भारत योजना को लागू किया है। इस योजना के तहत सूची में शामिल प्राइवेट अस्पताल तथा सरकारी अस्पताल में बुजुर्ग 5 लाख रूपए तक की मेडिकल सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। बुजुर्गों के सम्मान में इस योजना को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुचारू रूप से चलाया जा रहा है। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग इस योजना को संचालित कर रहा है। शिविर में एसएमओ डा विक्रम, डा जयपाल, आयुष्मान के नोडल अधिकारी डा भंवर सिंह, सिग्नस हास्पिटल के एजीएम डा सत्यनारायण यादव, डा मनीष, डा जयश्री, हिमांशु पालीवाल, बलजीत यादव आदि रहे।

# कोर्ट से घोषित पीओ चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। पकड़ा गया पीओ पुलिस टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि

थाना सेक्टर-6 धारूहेड़ा पुलिस ने अदालत द्वारा उद्घोषित किए गए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव कसौला निवासी सूबे सिंह के रूप में हुई है। आरोपी काफी दिनों से चेक बाउंस के मामले में अदालत में पेश नहीं हो रहा था। जिस पर माननीय अदालत ने उसे पीओ घोषित कर दिया था। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-6 धारूहेड़ा में अलग से अभियोग धारा 174 ए आईपीसी दर्ज किया था। जो इस मामले में पुलिस ने वीरवार को आरोपी सूबे सिंह को गिरफ्तार करके पेश अदालत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### जिला पुलिस की साइबर सेल का सराहनीय कार्य

# कामयाबी: पुलिस ने 13 मोबाइल बरामद कर मालिकों को सौंपे

- साइबर सेल अपराधियों पर कस रही शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। मोबाइल फोन मालिकों को फोन सौंपते हुए एसपी।

जिला पुलिस की साइबर सेल जहां अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसने में अहम भूमिका निभा रही है वहीं जिला की साइबर सेल प्रभारी एएसआई अरुण कुमार की टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाकर जून माह में आमजन के गुम हुए साढ़े चार लाख रुपए से अधिक की कीमत के 31 मोबाइल फोन को ढूंढ कर सराहनीय कार्य किया है। वीरवार को एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने मोबाइल फोनों के मालिकों को कार्यालय में बुलाकर मोबाइल फोन सौंपे गये है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पुलिस का थैंक्स कहकर आभार जताया। वहीं मोबाइल फोन ढूंढने में अहम भूमिका निभाने वाली साइबर सेल टीम की प्रशंसा की।

एसपी ने बताया कि पुलिस की साइबर सेल की टीम ने इस अभियान के तहत वर्ष 2022 से अब तक करीब 52,62,601 रुपए के 324 स्मार्ट मोबाइल फोन को ढूंढकर उनके मालिकों के हवाले किए गए है और इससे पहले भी वर्ष 2021 में करीब 849347 रुपए के 58 स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद करके उनके मालिकों के हवाले किए गए है। उन्होंने उएकफ पोर्टल के विषय में जानकारी देते हुए बतलाया कि भारत सरकार द्वारा चलाए गए इस पोर्टल की खासियत यह है कि इस पर शिकायत रजिस्टर्ड करने उपरांत मोबाइल का आईएमईआई ब्लॉक हो जाता है और मोबाइल ट्रेस होने उपरांत शिकायतकर्ता को सूचना दे दी जाती है। हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि जिला पुलिस की साइबर सैल का यह एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि जहां मोबाइल फोन मालिकों को उनके मोबाइल फोन मिलने की खुशी है वहीं उनके मोबाइल फोन अपराधी किस्म के लोगों के हत्थे चढ़ने से भी बचे हैं।

#### मॉनिटरिंग के कारण मिलती सफलता

उन्होंने कहा कि पुलिस की साइबर सैल लगातार गुमशुदा मोबाइल्स की मॉनिटरिंग करती है इसी के परिणाम स्वरुप ही खोये हुए मोबाइल पुलिस टीम द्वारा बरामद किये गये है। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से भी आह्वान किया कि वे अपने मोबाइल फोन को पूरी तरह सुरक्षित रखें और किसी अनजान व्यक्ति को ना सौंपे ताकि अपराधी किस्म के लोग उनका फायदा न उठा पाए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत उसकी सूचना ई दिशा केंद्र के माध्यम से उएकफ पोर्टल पर दर्ज कराएं ताकि उसका गलत इस्तेमाल ना हो तथा जल्दी से जल्दी उसे महत्वपूर्ण सुराग जुटाकर ढूंढा जा सके।

#### सूचना

मैं, लालचन्द पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी भाकली तह कोसली जिला रेवाडी हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी 19 वर्षीय विवाहित पुत्री मोनिका मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है तथा अपनी मनमानी करती है। मैं अपनी पुत्री मोनिका को अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई वास्ता नही रहेगा। भविष्य में वह किसी व्यक्ति के साथ कोई लेन-देन अथवा व्यवहार करती है तो स्वयं जिम्मेदार होगी।

तीन के काटे गए चालान, शराब के नशे में चालक ने ठोक दी थी मकान में एंबुलेंस

# मरीजों के सुरक्षित सफर पर पुलिस अलर्ट दो दर्जन से अधिक वाहनों को जांचा गया






रेवाड़ी। हादसे के बाद एंबुलेंस चालक को साथ ले जाते हुए पुलिस, एक एंबुलेंस पर लगा इश्तहार हटवाते हुए पुलिस, एंबुलेंस का चालान करते हुए ट्रैफिक पुलिस तथा दस्तावेजों की जांच करते हुए डीएसपी ट्रैफिक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

दो दिन पूर्व एक एंबुलेंस चालक ने शराब के नशे में गाड़ी एक मकान में ठोंक दी थी। चालक शराब के नशे में धुत्त था। घटना का वीडिया सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया था। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने मरीजों की सुरक्षा को लेकर सजगता का परिचय देते हुए ट्रैफिक डीएसपी विनोद शंकर को सभी एंबुलेंस व उनके चालकों की जांच कराने के आदेश जारी किए। डीएसपी की टीम ने दो दर्जन से अधिक एंबुलेंस की जांच करते हुए तीन वाहनों के चालान किए। इस दौरान वाहन चालकों की एल्को सेंसर से जांच भी की गई।

बीते बुधवार को एक एंबुलेंस चालक ने शराब के नशे में सेक्टर-4 में गाड़ी एक मकान की दीवार में ठोक दी थी। लोगों ने एंबुलेंस चालक को मौके पर ही काबू कर लिया था। यह एंबुलेंस एक प्राइवेट अस्पताल की थी। चालक को शराब का नशा इस कदर हो रहा था कि वह एंबुलेंस से निकलकर बाहर आने में भी सक्षम नहीं था।

सूचना मिलने के बाद मॉडल टाउन थाना पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया था। बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी ट्रैफिक विनोद शंकर को वीरवार को ही सभी एंबुलेंस और उनके चालकों की जांच करने के आदेश दिए, ताकि मरीजों को सुरक्षित सफर मुहैया कराना जाना सुनिश्चित किया जा सके। डीएसपी ने एसपी के आदेशों की पालना करते हुए दो दर्जन से अधिक एंबुलेंस व उनके चालकों की जांच का कार्य शुरू किया। इस दौरान ब्लैक फिल्म लगी तीन एंबुलेंस के चालान किए गए। डीएसपी की टीम ने जिन एंबुलेंस पर इश्तहार लगाए हुए थे, उन्हें भी हटवाया गया। एल्को सेंसर मशीन से चालकों की जांच की गई, परंतु कोई चालक शराब के नशे में नहीं पाया गया। इस मौके पर डीएसपी ने एंबुलेंस चालकों को नियमों की पालना करने की हिदायत देते हुए कहा कि किसी तरह की लापरवाही बरतने वाले चालकों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्हें निर्देश दिए गए कि जिन एंबुलेंस में मरीज नहीं हों, उनके सायरन बेवजह नहीं बजाए जाएं। वाहनों पर अस्पतालों के प्रचार करने वाले इश्तहार नहीं लगाए जाएं। इस दौरान एंबुलेंस चालकों के वाहन चालन लाइसेंस और वाहनों के दस्तावेजों की जांच भी पुलिस टीम ने की।

### चालक उड़ाते हैं नियमों की धज्जियां

एंबुलेंस चलाने के बाकायदा नियम होने के बावजूद कुछ चालक नियमों की खुलकर धज्जियां उड़ाते हैं। बिना मरीज प्राइवेट कार्य से निकलने वाले चालक भी खलकर सायरन का इस्तेमाल करते हैं। कई प्राइवेट अस्पतालों की एंबुलेंस के चालक शराब के नशे में भी गाड़ियां चलाते हैं। इसका नमूना हाल ही में सामने भी आ चुका है। पूर्व में एंबुलेंस के कारण हादसे भी हो चुके हैं। एंबुलेंस चालकों की नियमों की अनदेखी उसमें बैठे मरीजों और सामने वाले लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। एसपी ने इसी गंभीरता को देखते हुए एंबुलेंस और चालकों की जांच कराने के आदेश दिए थे।

### एंबुलेंस संचालन के लिए बने हैं नियम

सड़क परिवहन मंत्रालय भारत में एम्बुलेंस डिजाइन और संचालन के लिए एक सामान्य कोड प्रदान करता है, जिसमें दृश्यता और स्पष्टता से संबंधित दिशा-निर्देश शामिल हैं। नियमानुसार एम्बुलेंस के बाहरी हिस्से का रंग चमकीला सफेद होना चाहिए तथा यह नियमित सफाई और कठोर मौसम को झेलने में सक्षम होना चाहिए। वाहन के सामने वाले हिस्से का कम से कम 50 फीसदी हिस्सा सल्फर पीला होना चाहिए, जबकि कम से कम 10 फीसदी हिस्सा चमकदार लाल होना चाहिए। 'एम्बुलेंस' शब्द को पीले रंग की पृष्ठभूमि पर लिखा जाना चाहिए, जो हुड की चौड़ाई का कम से कम 65 फीसदी हिस्सा कवर करता हो।

### एंबुलेंस चालकों को करनी होगी पालना

एंबुलेंस चालकों को हिदायत दी गई है कि वह नियमों की पूरी तरह से पालना करें। ट्रैफिक पुलिस लगातार एंबुलस पर नजर रखेगी। भविष्य में कोई भी चालक नियमों की पालना नहीं करते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-हेमेंद्र कुमार मीणा, एसपी।

# होटल मालिकों को दिए डीएसपी ने जरूरी निर्देश



रेवाड़ी। होटल संचालकों को मीटिंग में संबोधित करते हुए डीएसपी रविंद्र सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

होटल व गेस्ट हाउस पर लगातार चेकिंग अभियान चलाया हुआ है। जो इसी अभियान के तहत डीएसपी डा. रविन्द्र सिंह ने जिला लघु सचिवालय रेवाड़ी के सभागार में होटल व गस्ट हाउस संचालकों व पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस बैठक में 35 से ज्यादा होटल व गेस्ट हाउस संचालकों व पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

डीएसपी ने सभी होटल व गस्ट हाउस संचालकों से कहा की होटल व गस्ट हाउस में ठहरने व्यक्तियों की कम से कम दो आईडी जरूर लें। बिना आईडी कार्ड के किसी भी व्यक्ति को कमरा ना दिया जाए तथा जो व्यक्ति ठहरता है उसका रजिस्टर में पूर्ण नाम, पता व मोबाइल नंबर नोट करें। यदि कोई संदिग्ध किस्म का व्यक्ति आकर रुके, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि किसी प्रकार की आपराधिक वारदात को समय से पहले रोका जा सके। इसके साथ ही होटल में काम करने वाले सभी कर्मचारियों की वेरिफिकेशन जरूर कराएं तथा होटल व गस्ट हाउस में ठहरने वाले व्यक्तियों का रिकॉर्ड भी कम से कम सात साल तक सुरक्षित रखे। इसके साथ साथ हर समय पोर्टल पर ऑनलाइन होटल रजिस्टर्ड करे तथा होटलों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति ऑनलाइन इंद्राज करना सुनिश्चित करे। सभी होटल व गस्ट हाउस के मेन गेट और प्रांगण में सीसीटीवी कैमरे जरूर लगे होने चाहिए।

### कैमरे की रिकॉर्डिंग का डाटा रखना जरूरी

कैमरे की रिकॉर्डिंग 90 दिन या उससे अधिक होनी चाहिए। सभी होटल व गस्ट हाउस में अग्निशामक यंत्र दुरुस्त हालत में होने चाहिए। रसोई के पास सारे गैस सिलेंडर एक साथ न रखें। सभी अपने अपने होटलों में फायर ठडउ ले। होटल में आने- जाने वालों के लिए वाहनों की पार्किंग का अच्छा प्रबंध होना चाहिए। किसी भी नाबालिग को उनके संरक्षक की स्वीकृति के बिना किराये पर रहने की अनुमति न दी जाए। इसके अलावा उन्होंने आमजन से आग्रह किया गया है कि अपना मकान किराये पर देते समय पूर्ण सावधानी बरतें तथा किराएदार की भी पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करवाएं।

### खबर संक्षेप

#### सड़क हादसों को अंजाम देने के आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों को अंजाम देने के आरोपी गाड़ी चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 29 जून को मॉडल टाउन थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। वाहन चालक हादसे के बाद मौका पाकर फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में यूपी के भुठा रूरू निवासी गाड़ी चालक सतीश चंद्र को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

# नशीले पदार्थ स्मैक के साथ एक काबू

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

सीआईए कोसली ने अवैध मादक पदार्थ स्मैक बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव देहलावास गुलाबपुरा निवासी इन्द्रजीत उर्फ भूरिया के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1.54 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद किया है। गत 2 जुलाई को पुलिस को सूचना मिली कि गांव देहलावास गुलाबपूरा निवासी इन्द्रजीत उर्फ भूरिया नशीला पदार्थ स्मैक बेचने का धंधा करता है। जो वह आज खेतों में बने अपने घर के बहार स्मैक बेच रहा है। जिस सूचना पर तुरंत रेडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुँच कर आरोपी को काबू किया तो उसने अपना नाम इन्द्रजीत उर्फ भूरिया निवासी गांव देहलावास गुलाबपुरा बतलाया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट को साथ लेकर आरोपी की तलाशी ली गई तो आरोपी के कब्जे से से 1.54 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद हुआ।



रेवाड़ी। स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया आरोपी।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

- राहगीर ने दुर्घटना ग्रस्त मोटरसाइकिल चालक को एंबुलेंस बुलाकर कर कोसली अस्पताल पहुंचाया।

रेवाड़ी रोड पर सूरज स्कूल के पास हुई एक सड़क दुघर्टना में झज्जर जिले के बहू गांव का रहने वाला मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। किसी राहगीर ने दुर्घटना ग्रस्त मोटरसाइकिल चालक को एंबुलेंस बुलाकर कर कोसली अस्पताल पहुंचाया।

दुर्घटना का शिकार हुए मोटरसाइकिल चालक के भाई राजेश्वर सोनी ने अज्ञात वाहन चालक पर उनके भाई की मोटरसाइकिल को दुर्घटनाग्रस्त करने का आरोप लगाते हुए कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। राजेश्वर सोनी ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उनके भाई संजीव के एक्सीडेंट होने की सूचना के बाद वह कोसली अस्पताल पहुंचे। राहगीरों की मदद से उनके भाई संजीव को एंबुलेंस बुलाकर कर अस्पताल भिजवाने वाले कान्हडवास गांव निवासी सचिन ने संपर्क करने पर बताया कि उन्होंने मोटरसाइकिल को दुर्घटनाग्रस्त देखकर एंबुलेंस को काल की थी तथा मोटरसाइकिल चालक को अस्पताल भिजवाया था। यह जानकारी लेने के बाद उन्होंने बुधवार को अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने उनकी शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

चार माह तक नहीं होंगे मांगलिक कार्य व्रत के साथ करें चातुमार्स में अर्चना

# इस बार चातुर्मास का शुभारंभ 6 से योग निद्रा में जाएंगे भगवान विष्णु

### खास बातें

- इस बार चातुर्मास 6 जुलाई से शुरू होकर एक नवंबर तक रहेगा।
- मांगलिक कार्य शादी-विवाह मुंडन आदि कार्य वर्जित रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। योग निद्रा में चले जाते हैं भगवान विष्णु। फोटो : हरिभूमि

सनातन धर्म में चातुर्मास का बड़ा महत्व है, जो आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि से शुरू होकर कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तक चलता है। इस बार चातुर्मास 6 जुलाई से शुरू होकर एक नवंबर तक रहेगा। इन 4 माह में भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाएंगे और मांगलिक कार्य शादी-विवाह, मुंडन आदि कार्य वर्जित रहेंगे। 4 माह के दौरान साधना व उपासना का विशेष महत्व है। ज्योतिषाचार्य पंडित डा. रामदत्त शर्मा का कहना है कि आषाढ़ के शुक्ल पक्ष में एकादशी के दिन उपवास कर मनुष्य भक्तिपूर्वक चातुर्मास्य व्रत प्रारंभ करें। एक हजार अश्वमेघ यज्ञ कर मनुष्य जिस फल को पाता है, वही चातुर्मास्य व्रत के अनुष्ठान से प्राप्त कर लेता है। 4 महीनों में ब्रह्मचर्य का पालन, त्याग, पत्तल पर भोजन, उपवास, मौन, जप, ध्यान, स्नान, दान, पुण्य आदि विशेष लाभप्रद होते हैं। उनका कहना है कि व्रतों में सबसे उत्तम व्रत है ब्रह्मचर्य का पालन। ब्रह्मचर्य तपस्या का सार है और महान फल देने वाला है। ब्रह्मचर्य से बढ़कर धर्म का उत्तम साधन दूसरा नहीं है। चतुर्मास में यह व्रत संसार में अधिक गुणकारक है। शर्मा का कहना है कि मनुष्य सदा प्रिय वस्तु की इच्छा करता है। जो चतुर्मास में अपने प्रिय भोगों का श्रद्धा एवं प्रयत्नपूर्वक त्याग करता है, उसकी त्यागी हुई वस्तुएँ उसे अक्षय रूप में प्राप्त होती हैं। चतुर्मास में गुड़ का त्याग करने से मनुष्य को मधुरता की प्राप्ति होती है।

#### ताम्बूल का त्याग करना जरूरी

उन्होंने बताया कि ताम्बूल का त्याग करने से मनुष्य भोग-सामग्री से सम्पन्न होता है और उसका कंठ सुरीला होता है। दही छोड़ने वाले मनुष्य को गोलोक मिलता है। नमक छोड़ने वाले के सभी पूर्तकर्म सफल होते हैं। जो मौनव्रत धारण करता है उसकी आज्ञा का कोई उल्लंघन नहीं करता। चतुर्मास में काले एवं नीले रंग के वस्त्र त्याग देने चाहिए। नीले वस्त्र को देखने से जो दोष लगता है उसकी शुद्धि भगवान सूर्यनारायण के दर्शन से होती है। कुसुम्भ रंग व केसर का भी त्याग कर देना चाहिए।

### भूमि पर शयन करें

उनका कहना है कि आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को श्रीहरि के योगनिद्रा में प्रवृत्त हो जाने पर मनुष्य चार मास अर्थात कार्तिक की पूर्णिमा तक भूमि पर शयन करें। ऐसा करने वाला मनुष्य बहुत से धन से युक्त होता और विमान प्राप्त करता है, बिना मांगे स्वतः प्राप्त हुए अन्न का भोजन करने से बावली और कुआं बनवाने का फल प्राप्त होता है। जो भगवान जनार्दन के शयन करने पर शहद का सेवन करता है, उसे महान पाप लगता है। चतुर्मास में अनार, नींबू, नारियल तथा मिर्च, उड़द और चने का भी त्याग करें।

### परनिंदा का करें त्याग

ज्योतिषाचार्य का कहना है कि चातुर्मास्य में परनिंदा का विशेष रूप से त्याग करें। परनिंदा को सुनने वाला भी पापी होता है। परनिंदा महान पाप है, परनिंदा महान भय है, परनिंदा महान दुःख है और पर निंदा से बढ़कर दूसरा कोई पातक नहीं है। खासकर चातुर्मास के दौरान लोगों को परनिंदा से बचना चाहिए, ताकि उन्हें पाप का भागी नहीं बनना पड़े। चातुमार्स के दौरान मांगलिक कार्यों को अशुभ माना जाता है, जिस कारण इन कार्यों के लिए देवोत्थान एकादशी का इंतजार किया जाता है।





रेवाड़ी। कन्याओं को एफडी वितरित करते व केक काटते हुए अनिल रायपुर तथा आरती राव के जन्मदिन पर केक काटते युवा नेता नवदीप यादव। फोटो : हरिभूमि

आयोजन | सुबह से ही बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने काटे केक, किया पौधरोपण

# समर्थकों ने धूमधाम से मनाया आरती का जन्मदिन, रामपुरा हाउस पर उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव के जन्मदिन पर उनके रामपुरा निवास पर केक काटने और केक का स्वाद चखने के लिए समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बेटी के जन्मदिन का उत्सव मनाने के लिए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह समर्थकों के बीच मौजूद रहे।

वीरवार को सुबह से ही रामपुरा निवास पर राव समर्थकों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। कई समर्थक खुद केक लेकर पहुंचे। रामपुरा निवास आरती राव जिंदाबाद के नारों से गूंजता रहा। राव इंद्रजीत सिंह सुबह से ही समर्थकों के बीच मौजूद रहकर बेटी का जन्मदिन मनाने में मशगूल रहे। आरती सिंह राव के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राव इंद्रजीत सिंह ने अनाजमंडी में पौधारोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना पोपली, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील मुसेपुर, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हुकमचंद यादव, प्रदीप बाम्बड़, रविंद्र जाडरा व बड़ी संख्या में राव समर्थक मौजूद रहे।

### अनिल रायपुर ने बांटी कन्याओं को एफडी

प्रमुख समाजसेवी व भाजपा नेता अनिल रायपुर ने कैबिनेट मंत्री आरती राव के जन्मदिन पर अपने कार्यालय में केक काटकर खुशी का इजहार किया। उन्होंने जरूरतमंद कन्याओं को 11-11 हजार रुपये की एफडी वितरित की। इस मौके पर अनिल रायपुर ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की तर्ज पर आरती राव भी इलाके में विकास के नए आयाम स्थापित करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। वह क्षेत्र के लोगों की भलाई के लिए काम कर रही हैं। स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तार देने की दिशा में आवश्यक कदम उठा रही हैं। इस मौके पर जिला उप प्रमुख नीलम रायपुर, बावल ब्लॉक समिति चेयरमैन छत्रपाल टिंकू व अनिल रायपुर के काफी समर्थक मौजूद थे।

### सुनील मुसेपुर के कार्यालय में काटा केक

युवा नेत्री कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव के जन्मदिन के अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील यादव मूसेपुर के मालपुरा कार्यालय पर साथियों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर सुनील यादव मूसेपुर के बेटे युवा नेता नवदीप यादव, सुजान सिंह मालपुरा, कार्तिक सरपंच जोनियावास, संदीप यादव कापड़ीवास, रणधीर सिंह जिला पार्षद, ऋषि सरपंच गुर्जर घटाल, मलखान सरपंच मालपुरा,पवन जोनियावास, राहुल जोनियावास, योगेश जोनियावास, नवीन यादव कापड़ीवास, विक्की जोनियावास, मोहित जोनियावास, अशोक, सत्येंद्र, योगेन्द्र, दीपक व योगेन्द्र आदि मौजूद रहे।

### अजय पटौदा के कार्यालय में मनाया जन्मदिन

आरती राव का जन्मदिन भाजपा नेता व सहकारी बैंक के निदेशक अजय पटौदा के कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। राव इंद्रजीत सिंह के वरिष्ठ सहयोगी रवि यादव चीफ गेस्ट के रूम में मौजूद रहे। इस मौके पर अजय पटौदा ने कहा कि आरती राव न सिर्फ दक्षिणी हरियाणा, बल्कि पूरे प्रदेश की राजनीति में चमकता हुआ सितारा हैं। वह अपने पिता राव इंद्रजीत सिंह और दादा राव बिरेंद्र सिंह की तरह ही समुचित विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही हैं। इस मौके पर अजय पटौदा ने जरूरतमंद कन्याओं को सहायता राशि के चेक भी वितरित किए। इस मौके पर विक्रम छावड़ी सहित कई समर्थक मौजूद थे।

### अहीर कॉलेज में पौधरोपण के साथ मना जन्मदिन

अहीर कॉलेज प्रबंधन समिति की ओर से वीरवार को आरती राव के जन्मदिन पर पौधरोपण किया गया। इस मौके पर समिति के महासचिव राव राघवेंद्र सिंह ने कहा कि आरती राव ने जिस तरह से खेलों के क्षेत्र में इलाके का नाम विश्व स्तर पर ऊंचा किया गया है, उसी तरह से वह राजनीति के मैदान में जनसेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही हैं। इस मौके पर प्रसाद व फल भी वितरित किए गए।





रेवाड़ी। सहायता राशि का चेक देते हुए अजय पटौदा व रवि यादव तथा अहीर कॉलेज में पौधरोपण करते हुए राघवेंद्र राव व अन्य। फोटो : हरिभूमि